# रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

## जून 2025

**अप्रैल/मई - 2025 सत्र**

1. इस सत्र के परीक्षा परिणाम जून के प्रथम सप्ताह से घोषित करने की प्रक्रिया शुरू होगी। परीक्षा परिणाम तथा मार्कशिट अंक तालिकाओं के साथ केन्द्रों की और रवाना किये जायेंगे तथा मंडल की वेब साईट पर भी अपलोड होंगे।
2. सभी परीक्षकों के पारिश्रमिक विवरण के अनुसार बिल अदा करने का कार्य शुरू है।

**नवम्बर/दिसम्बर - 2025 सत्र**

1. भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की अनमोल धरोहर नई पीढ़ी के सामने रखते हुए संगीत के प्रति प्रेम और निष्ठा उत्पन्न हो इसलिए संगीत संस्कार यह दो वर्ष का अभ्यासक्रम अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय और बाल कल्याण संस्था पुणे इन दोनों के प्रयास से निर्माण किया है। संगीत जगत में हो रही उन्नति, शिक्षा के नए तौर - तरीके, तकनीक में आने वाले नए बदलाव, संगीत अध्यता की रुचि तथा परीक्षा को ध्यान में रखते हुए इस संगीत संस्कार पाठ्यक्रम की निर्मित हुई है।

   संगीत जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविभाज्य अंग होते हुए हर आयु के संगीत प्रेमी को इस पाठ्यक्रम से लाभ उठाया जा सकता है। इस अभ्यासक्रम में ओमकार का उच्चारण, सात सुरों का शुद्ध गायन तथा राष्ट्रगीत और प्रादेशिक गीतों का, नृत्य का अध्ययन ताल, धुन या रिदम की जानकारी के लिए अंकों से या अंताक्षरी जैसे खेलों के साथ संगीत शिक्षा में रुचि बढ़ते हुए ताल और धुन के सहारे हर क्षेत्र में एकाग्रता प्राप्त करने हेतु इस संगीत संस्कार पाठ्यक्रम का निर्माण किया है। (इस कार्यवाही के बारे में पूरा विस्तृत ब्यौरा संगीत कला विहार में प्रकाशित किया जायेगा)

2. मंडल द्वारा विशेष (दिव्यांग) मतिमंद, गतिमंद, स्वमग्न, दृष्टिबाधित, कर्णबधिर आदि विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक से विशारद तक पाठ्यक्रम तैयार किया है। यह पाठ्यक्रम अप्रैल / मई 2025 से प्रारंभ हुआ है। यह परीक्षा केवल साल में अप्रैल / मई सत्र में ही होंगी।

दिव्यांग परीक्षा केंद्र सूचि

1. **वाशी:** गांधर्व महाविद्यालय - सेंटर कोड - 49
2. **ओझर:** स्वर संगम संगीत क्लास - सेंटर कोड -671
3. **पुणे:** बालकल्याण संस्था - सेंटर कोड -1260
4. **लातूर:** जनकल्याण समिती - सेंटर कोड -1262
5. **म्हापसा गोवा:** आस्था आनंद निकेतन - सेंटर कोड -1261

3. इस सत्र के परीक्षाओं के आवेदन पत्र (संगीत संस्कार से अलंकर तक) ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत दि. 15 जुलाई 2025 से शुरू हो रहे है। इस सन्दर्भ महत्वपूर्ण सूचना मंडल के वेबसाईट पर अपलोड होगी।
4. इस सत्र की लिखित परीक्षा रविवार दि. 16 नवम्बर 2025 को संपन्न होगी।
5. इस सत्र में सभी परीक्षाओं के साथ ओडिसी नृत्य तथा संगीताचार्य परीक्षाएं संपन्न होगी।
6. अलंकार की क्रियात्मक परीक्षा जनवरी माह में (2026) संपन्न होगी।
7. नवम्बर/दिसम्बर 2023 तथा अप्रैल-मई 2024 सत्र का वार्षिक दीक्षांत समारोह अगस्त 2025 को वाशी में संपन्न हो रहा है। इस सन्दर्भ में अधिकतम जानकारी मंडल के वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।
8. परीक्षा संबधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार
(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)